



## एक नजर में

### मछली परिवार की अन्य प्रापर्टी की भी जांच

**भोपाल.** राजधानी में मछली परिवार की प्रापर्टी पर जिला प्रशासन लीगल कार्यवाही कर रहा है. सूत्रों के हवाले से यह खबर भी सामने आ रही है कि संभावना है कि इस परिवार ने कई एकड़ कृषि भूमि पर भी कब्जा जमाया है. जिस पर पड़ताल भी की जा रही है. इसके लिए राजस्व निरीक्षक के साथ ही पटवारी जांच कर रहे हैं. हलांकि यह अभी तक साफ नहीं हो पाया कि किन स्थानों पर कितनी जमीनों पर इस परिवार ने अतिक्रमण कर रखा है. कृषि भूमि की जमीन पर कब्जा करने की संभावित जानकारी पर भी विशेष नजर जिला प्रशासन की टीम रख रही है.

### मंदिर और सूने मकान से चोरी करने वाले आरोपी धराए

**भोपाल.** शाहपुरा थाना पुलिस ने नकबजनी के अपराध में बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तारी की. आरोपियों के कब्जे से तीन मोटरसायकिल सहित 4 लाख रूपये का मशरूका बरामद किया गया. आरोपियों के विरूद्ध पूर्व से तीन दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध है. दोनो आरोपी मिलकर धार्मिक स्थलो और सूने मकानो की रैकी कर चोरी की घटनाओ को अंजाम देते थे. बीते 4 अगस्त को फरियादी भागवत प्रसाद उम्र 65 साल निवासी शाहपुरा ने थाने रिपोर्ट दर्ज कराई थी. उनके अनुसार सुबह करीबन 6 बजे दुर्गा मंदिर का गेट देखा तो लाईट बंद थी और चेनल गेट एवं मंदिर का ताला टूटा था.

### बदमाशों ने युवक को चाकू मारा, फिर चढ़ा दी कार

**भोपाल.** राजधानी भोपाल में वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है. आए दिन मारपीट और हत्या की वारदात सामने आ रही है. ऐसी ही एक घटना बीते गुरुवार को बागसेवनिया थाना क्षेत्र में हुई. जहां बदमाशों ने एक युवक को बेरहमी से मारा. इसके बाद उसपर कार चढ़ा दी. पीड़ित का नाम सचिन मीणा है को रायसेन के सुल्तानपुर गांव का निवासी है. वह अपने दोस्त विक्रांत दुबे और साथी कार्तिक सोलंकी के साथ भोपाल आया था. इस दौरान बदमाशों ने विक्रांत दुबे से बहस शुरू कर दी. देखते ही देखते अचानक सचिन मीणा पर हमला कर दिया.

# पशु प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ी

वरिष्ठ संवाददाता

**भोपाल, 23 अगस्त. एक ऐतिहासिक फैसले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर से पकड़े गए सभी आवारा कुत्तों की रिहाई का आदेश दिया है.**


अदालत ने हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी है जिसमें इन कुत्तों को शेल्टर होम में भेजने की अनुमति दी गई थी. सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल रैबीज से संक्रमित या आक्रामक कुत्तों को ही शेल्टर होम भेजा जा सकेगा. इस फैसले के आते ही पशु प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई. उन्होंने इसे मानवीय दृष्टिकोण वाला कदम बताते हुए सुप्रीम कोर्ट का आभार जताया. पशु प्रेमियों का कहना है कि यह निर्णय न केवल आवारा कुत्तों की सुरक्षा बल्कि उनके सम्मानपूर्ण जीवन की गारंटी देता है. सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय पशु अधिकारों के साथ सह-अस्तित्व की भावना को मज़बूती प्रदान करता है.



शिवानी पाठक पटेल ने इस संवाददाता से कहा कि वह प्रतिदिन 75 से अधिक कुत्तों को खाना खिलाती हैं और समय-समय पर वैक्सीनेशन ड्राइव भी कराती हैं. यह फैसला आवारा कुत्तों के भविष्य को सुरक्षित करेगा.



पीपल फॉर एनिमल्स भोपाल प्रमुख स्वाति गौरव ने कहा कि अब नए फीडिंग ज़ोन बनाए जाएंगे और हर इलाके में वैक्सीनेशन सुनिश्चित होगा. उन्होंने इसे बड़ी राहत बताया.



रामाकांत श्रीवास्तव ने कहा कि अगर बच्चों को कुत्तों से प्रेम करना और उन्हें खिलाना सिखाया जाए, तो वे कभी आक्रामक नहीं होंगे. प्रमांशु शुक्ला, जिन्होंने सैकड़ों कुत्तों को बचाया है, ने भी फैसले का स्वागत किया.



कविता बल्नानी ने बताया कि वह अपनी कार में हमेशा डॉग फूड रखती हैं और रोज़ भूखे कुत्तों को खिलाती हैं. वह घायल या बीमार कुत्तों को आसरा जैसे शेल्टर तक पहुंचाती हैं.



लंबे समय से कुत्तों की सेवा कर रहे कमलेश बंडवाल ने कहा, मैं बचपन से आवारा कुत्तों को खिला रहा हूं. वे रोज़ तय समय पर मेरे घर आकर भोजन करते हैं. पहले का आदेश मेरे लिए चौंकाने वाला था.



# त्योहारों पर रीवा-डॉ. अंबेडकर नगर-रीवा फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन

**भोपाल, 23 अगस्त. यात्रियों की सुविधा के लिए त्योहारी सीजन में रेलवे प्रशासन द्वारा रीवा-डॉ. अंबेडकर नगर-रीवा के बीच साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा हा है.**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि गाड़ी संख्या 01704/01703, रीवा-डॉ. अंबेडकर नगर-रीवा फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का संचालन दिनांक 27 सितंबर से 25 अक्टूबर 2025 तक प्रत्येक शनिवार एवं रविवार कुल 05-05 फेरे के लिए किया जाएगा.

गाड़ी संख्या 01704 (रीवा-डॉ. अंबेडकर नगर) रीवा स्टेशन से रात 22.20 बजे प्रस्थान कर मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन सुबह 06.00 बजे इटारसी, 06.33 बजे नर्मदापुरम, 08.40 बजे रानी कमलापति, 09.00 बजे भोपाल एवं 09.33 बजे संत हिरदाराम नगर स्टेशनों से होते हुए अगले दिन दोपहर 15.05 बजे डॉ. अंबेडकर नगर स्टेशन पर पहुंचेगी.

गाड़ी संख्या 01703 (डॉ. अंबेडकर नगर-रीवा) डॉ. अंबेडकर नगर स्टेशन से रात 21.20 बजे प्रस्थान कर मार्ग में अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन 02.45 बजे संत हिरदाराम नगर, 03.35 बजे भोपाल, 03.52 बजे रानी कमलापति, 05.18 बजे नर्मदापुरम एवं 05.40 बजे इटारसी स्टेशनों पर पहुँच कर उसी दिन दोपहर 13.30 बजे रीवा स्टेशन पर पहुंचेगी.

> ठहराव- रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी जंक्शन, नर्मदापुरम, रानी कमलापति, भोपाल जंक्शन, संत हिरदाराम नगर, सीहोर, शुजालपुर, मक्सी जंक्शन, देवास, इंदौर जंक्शन, डॉ. अंबेडकर नगर **कोच संरचना:** इस विशेष ट्रेन में 06 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी एवं 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 20 डिब्बे होंगे.



# 5 हजार का ईनामी फरार लुटेरे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 अगस्त. हबीबगंज पुलिस थाना ने 5 हजार रूपए के एक ईनामी शातिर लुटेरे को शनिवार को गिरफ्तार किया.**

पुलिस को सूचना मिली थी कि बीएनएस के अपराध में फरार आरोपी शाहरूख उर्फ शाहवेज 7 नम्बर बस स्टाप के पास खडा है. मौके पर पुलिस को देखकर वह भागने लगा. जिस पर संदेह होने से उसे रोका गया. पुलिस ने उसका नाम और पता पूछा तो आरोपी ने अपना सही नाम शाहरूख उर्फ शाहवेज उर्फ शावेज खानउम्र 25 साल निवासी छोला क्षेत्र बताया.

# मेडिकल स्टोर सील, 3 सौदागर गिरफ्तार

## जेल से निकले बदमाशों ने शुरू की नशे की तस्करी

**भोपाल, 23 अगस्त. राजधानी भोपाल में नशे के कारोबार पर लगातार कार्रवाई हो रही है. क्राइम ब्रांच ने नशे की सप्लाई करने वाले तीन सौदागरों को दबोचकर बरखेड़ी स्थित एक मेडिकल स्टोर को सील कर दिया. यहां से प्रतिबंधित नशीली दवा नाइट्रावेट बेची जा रही थी.**

गिरफ्तार आरोपियों में मेडिकल स्टोर संचालक रवि साहू के साथ दो कुख्यात बदमाश अनस अब्दुल उर्फ कल्लू और विशाल उर्फ रफ्तार बिटौरे शामिल हैं. अनस और विशाल की मुलाकात जेल के अंदर हुई थी, जहां से दोनों ने बाहर निकलकर नशे का कारोबार शुरू किया. एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच शैलेन्द्र सिंह चौहान के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने दबिश दी और आरोपियों के कब्जे से 510 नाइट्रावेट-10 की गोलियां बरामद कीं. बरामद दवा की कीमत लगभग 25 हजार रुपये है.

> **जेल से बाहर आकर रचा नशे का खेल**
>
> पुलिस के अनुसार, अनस अब्दुल (22) निवासी अंबेडकर नगर से 150 गोलियां बरामद हुईं. अनस ने खुलासा किया कि जेल में उसकी पहचान अन्ना नगर निवासी विशाल उर्फ रफ्तार बिटौरे (22) से हुई थी. जेल से बाहर आने के बाद विशाल ने उसे नशे की गोलियां बेचने के लिए तैयार किया. विशाल से भी 150 गोलियां बरामद की गईं. पूछताछ में उसने बताया कि यह नशीली दवाइयां बरखेड़ी निवासी रवि साहू से मिलती थीं, जो मां मेडिकल स्टोर चलाता है. स्टोर की तलाशी लेने पर 210 गोलियां और बरामद हुईं. क्राइम ब्रांच ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी और ड्रग कंट्रोल अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया है.

# हाथों में बोरा लेकर महिलाएं पहुंची पीसीसी कार्यालय

## भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस नेता के बयान पर किया प्रदर्शन





नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 अगस्त. भाजपा महिला मोर्चा ने राजधानी में शनिवार को कांग्रेस नेता के बयान पर नाराजगी जाहिर की.**

रेड़क्रास चौराहे से पीसीसी कार्यालय तक हाथों में बोरा लेकर पैदल मार्च करते हुए महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया. महिला सुरक्षा कर्मियों ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं को पीसीसी कार्यालय पहुंचने के पहले ही रोक दिया. नाराज महिलाओं पर इस बीच सड़कों पर बैठकर ही कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की. राजगढ़ में कांग्रेस नेता यशवंत गुर्जर के लाड़ली बहनों के खिलाफ दिए गए बयान पर भोपाल में प्रदर्शन किया गया. हालांकि गुर्जर ने अपने बयान को लेकर सफाई भी दी है. उनके मंच से बोले गए लाड़ली बहनों को बोरियों में भरने के बयान ने तूल पकड़ा है. इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं.

> एक स्वर में नारे लगाते हुए सभी ने हांथों में बोरा दिखाया. प्रदर्शन से पूर्व पुलिस बल पहले से ही तैनात रहा. पीसीसी कार्यालय के पास बैरिकेंटिंग की गई थी. महिला मोर्चा ने इस बीच बैरिकेंटिंग को हटाने का प्रयास भी किया. पुलिस बल ने स्थिति को पूरी तरह से संभाले रखा. अपने बयान को लेकर यशवंत गुर्जर का कहना है कि महिलाओं का वह सम्मान करते हैं. महिला वोट के चलते ही वह राजनीति में सक्रिय हैं. अपने इस विवादित बयान को उन्होंने एक बुजुर्ग व्यक्ति के शब्द बताए.



## भेल में 11 सुपरवाइजर और 1 कर्मचारी सेवानिवृत्त

बीएचईएल भोपाल के प्रशासनिक भवन में आयोजित सादे समारोह में रूपेश तेलंग, जीएम (फीडर्स एंड टीसीबी-एमएफजी, कॉम. एंड मेंट.) ने 11 सुपरवाइजर और एक कर्मचारी को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी. इस अवसर पर जीएम (मानव संसाधन) टीयू सिंह भी उपस्थित रहे.

# मेट्रो के काम दो शिफ्ट में होगा शुरू

## अक्टूबर महीने तक होना है संचालन

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 अगस्त. राजधानी में आगामी अक्टूबर महीने तक मेट्रो ट्रेन का संचालन होना है. मेट्रो के कार्य निर्धारित समय सीमा तक पूरा हो सके इसके लिए काम की गति को बढ़ा दिया गया है.**

भोपाल में सुभाष नगर मेट्रो डिपो से लेकर एम्स अस्पताल तक प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो का कॉमर्शियल रन भी जल्द ही शुरू किया जाना है. इन तीनों स्टेशनों के साइड में बनाए जाने वाले प्रवेश और निकासी के कार्यों को पूरा करने के लिए दो शिफ्ट में काम शुरू किया गया है. कार्यों में हो रही



देरी को देखते हुए अब गति को बढ़ाया गया है.

प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत आने वाले अलकापुरी, एम्स अस्पताल और डीआरएम ऑफिस में प्रवेश और निकासी के काम संचालित है.

> मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी भोपाल में मेट्रो के अक्टूबर महीने में संचालन को लेकर एक कार्यक्रम में जानकारी साझा पहले ही कर दी है. मेट्रो के कार्यों की गति का निरीक्षण करने के लिए विभागीय अधिकारी भी लगातार दौरा कर रहे हैं. सीएमआरएस की टीम अपने स्तर पर जांच के बाद ही मेट्रो के संचालन को हरी झंडी देगी. मेट्रो डिपो देखने के बाद सबसे पहले टीम का सामना यहां के प्रवेश और निकासी द्वार से ही होना है. भोपाल मेट्रो प्रबंधन के लिए अभी यह काम तय समय में पूरा करना चुनौती बना हुआ है.

## राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने मुख्य सचिव को भेजा नोटिस

**भोपाल.** मध्यप्रदेश के सागर जिले में अवैध खनन से मासूम को करंट लगने के मामले में मुख्य सचिव को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने नोटिस जारी किया है. मुख्य सचिव को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है. दरअसल सागर के 14 साल के मानस शुक्ला को करंट लगने के मामले में नोटिस जारी हुआ है. हाई-टेंशन बिजली के तार से मानस को करंट लगने से उसे एक हाथ गंवाना पड़ा. परिजनों का आरोप है कि विधायक भूपेंद्र सिंह ठाकुर और उनके भांजे लखन सिंह ठाकुर द्वारा खनन किया जा रहा था.

# गड्ढों में फंसी बिशनखेड़ी के नौनिहालों की पढ़ाई

## शिकायतों के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई

- बिशनखेड़ी में बच्चों के भविष्य से खिलवाड़
- पार्षद भी नहीं दे रही ध्यान लोगों में आक्रोश

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 23 अगस्त. राजधानी के सरकारी स्कूलों को प्रशासन ऐसे नज़रअंदाज करता है, जैसे वह सरकार के हैं ही नहीं. छोटे-छोटे गरीब परिवारों के बच्चे प्राइवेट स्कूलों में नहीं पढ़ सकते, वे सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं.**



इन सरकारी स्कूलों की हालात बहुत खराब है. छोटे बच्चों को कहीं जर्जर छत के नीचे पढ़ना पड़ता है, तो कभी स्कूल के अंदर जाने वाले रस्ते में पानी, कीचड़ और गंदगी भरी रहती है. ऐसा ही हाल बिशनखेड़ी के शासकीय प्राथमिक शाला का. जहां स्कूल जाने के लिए सड़क नहीं. उन्हें पानी से भरे गड्ढे, कीचड़, टूटे पथरों से बने रास्ते से गुजरना पड़ता है.

> स्कूल की प्राचार्य ने बताया कि वो इलाके की पार्षद को कई बार आवेदन दे चुकी हैं, लेकिन अभी तक ना सड़क का निर्माण हुआ, ना स्कूल की जर्जर स्थिति को देखने पार्षद आई. स्कूल की यह स्थिति बारिश के पहले से ही बनी हुई है. बस पहले पानी की जगह गहरे गड्ढे, धूल और आवारा पशु थे. अब यहां कीचड़ की सड़न बदबू मार रही है. स्थानीय निवासी संगीता मेहर ने बताया कि हम इसी रस्ते से स्कूल के पास बनी आंगनबाड़ी में अपनी बेटी को टीका लगवाने जाते हैं. अपनी बच्ची के बड़े होने पर कभी भी इस शाला में नहीं भेजूंगी.

**धर-पकड़** ▶ पिछले चार दिन में 120 करोड़ की नशे की खेप पकड़ी गई

# राजधानी एक्सप्रेस से 24.18 करोड़ का गांजा बरामद

**भोपाल,23 अगस्त. प्रदेश की राजधानी भोपाल लगातार नशे की तस्करी का गढ़ बनती दिख रही है. पिछले चार दिनों में यहां लगभग 120 करोड़ रुपये मूल्य की मादक पदार्थों की खेप पकड़ी गई है.**

ताजा मामले में रेलवे सुरक्षा बल भोपाल मंडल और राजस्व खुफिया निदेशालय इंदौर की संयुक्त कार्रवाई में राजधानी एक्सप्रेस से 24.18 करोड़ रुपये मूल्य का गांजा जब्त किया गया है. सूचना के आधार पर वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक ने सहायक सुरक्षा आयुक्त प्रथम



चन्द्रशेखर राजपूत के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की. डीआरआई अधिकारियों के साथ मिलकर भोपाल स्टेशन पर रात 9 बजे गाड़ी संख्या 22691 बैंगलोर-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस की सघन जांच की गई. संदेह के आधार पर ए-1 और बी-6 कोच से पांच यात्रियों को उतारा गया. इस दौरान दिल्ली निवासी उपकार सिंह और सिरजन सिंह के ट्रॉली बैग से 24.18 किलो हाइड्रोफोनिक वीड (गांजा) बरामद हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 24.18 करोड़ रुपये आंकी गई. बरामदगी के बाद डीआरआई ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें आगे की जांच के लिए पुलिस रिमांड पर भेजा गया. अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई से न केवल मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर रोक लगी है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे परिसर में अपराधों पर नियंत्रण की दिशा में बड़ी सफलता मिली है.

> गौरतलब है कि इससे पहले भी बीते चार दिन में अलग-अलग कार्रवाइयों में लगभग 100 करोड़ रुपये से अधिक की ड्रग्स भोपाल में पकड़ी जा चुकी है. यानी महज़ चार दिनों में 120 करोड़ की खेप राजधानी से बरामद हो चुकी है. लगातार हो रही इन घटनाओं से सवाल उठ रहे हैं कि क्या भोपाल अब नशे की राजधानी बनता जा रहा है.

# लापरवाही करने वाले कर्मियों पर गिरी गाज

## सीएमएचओ ने निलंबन और वेतन रोकने के दिए निर्देश

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 अगस्त. सीएमएचओ भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने शनिवार को कड़ा एक्शन लेते हुए सवा दर्जन कर्मचारियों को नोटिस जारी किया. इनके विरुद्ध निलंबन, वेतन वृद्धि रोकने सहित अन्य अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी.**

मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी में उदासीनता बरतने पर ये कार्यवाही हुई है. कर्मचारियों द्वारा अनमोल पोर्टल पर प्रसव पूर्व पंजीयन बेहद कम संख्या में किए गए हैं. स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों का



मैदानी स्तर पर ठीक ढंग से क्रियान्वयन नहीं करने पर यह एक्शन लिया गया है. सीएमएचओ शर्मा ने कोलार एवं गोविंदपुरा क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की. इस दौरान मैदानी स्तर पर सेवाओं को सही ढंग से क्रियान्वित नहीं करने पर उनके द्वारा कड़ी नाराजगी जताई गई. लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कोलार सर्किल के वार्ड 51 की एएनएम को निलंबित करने और वार्ड 82 एवं 84 की एएनएम के वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्यवाही की जा रही है.